# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (13.07.2025)

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE: 13.07.2025, PAGE-06

# दीक्षांत समारोह को लेकर स्टेशनरी की होगी खरीद

- विवि में हुई सेल एंड परचेज कमेटी की बैठक
- तीन सदस्यीय नई वित्त समिति का हुआ गठन

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरएबीयू में 25 अगस्त को होनेवाले दीक्षांत समारोह को लेकर कई सारे स्टेशनरी के सामान खरीदे जायेंगे। शनिवार को कुलपति की अध्यक्षता में हुई सेल परचेज कमेटी की बैठक में यह फैसला लिया गया।

बैठक में दीक्षांत समारोह के अलावा कॉलेजों और पीजी विभागों में इस्तेमाल होनेवाले स्टेशनरी के सामानों की खरीद पर भी सहमति बनी। दीक्षांत समारोह के लिए अलग से एक कंप्यूटर की भी खरीद की जायेगी। बैठक में तय किया गया कि कॉलेजों और पीजी विभागों के अलावा कार्यालयों में भी जिस भी सामान की जरूरत हो, उसकी तुरंत खरीद कर ली जाये।

सेल परचेज कमेटी के बाद कुलपति की अध्यक्षता में वित्त समिति की बैठक हुई। इससे पहले नई वित्त समिति का गठन किया गया। नई वित्त समिति में डॉ. रेणुबाला, डॉ. साजिदा अंजुम, डॉ. रंजना कुमारी को शामिल किया गया। वित्त समिति की बैठक में सेल परचेज कमेटी के प्रस्ताव को पास किया गया।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:13.07.2025, PAGE-06


### हिन्दी विभाग के सहायक प्राध्यापक ने दिया था सुझाव, अब कुलपति के आदेश का इंतजार

# बीआरएबीयू में अब जेएनयू की तर्ज पर बनेगा पीजी का अंकपत्र

**तैयारी**

- पीजी के अंकपत्र पर सीजीपीए के साथ प्रतिशत भी रहेगा
- अबतक विवि के अंकपत्र पर सिर्फ सीजीपीए ही रहता था

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** बीआरएबीयू में अब जेएनयू की तर्ज पर पीजी का अंकपत्र तैयार किया जायेगा। नये अंकपत्र में छात्रों के सीजीपीए के साथ अंक का प्रतिशत भी दिया जायेगा। हिन्दी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. उज्ज्वल कुमार के सुझाव पर विवि प्रशासन ने इसपर संज्ञान लिया है। अबतक पीजी के अंकपत्र पर प्रतिशत की जगह सिर्फ सीजीपीए ही लिखा रहता था।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. रामकुमार का कहना है कि हमलोगों की कोशिश है कि सत्र 2023-25 से ही अंकपत्र पर सीजीपीए के साथ अंक प्रतिशत भी दिया जाये। इसके लिए कुलपति से बात कर आदेश लिया जायेगा। परीक्षा बोर्ड में भी इसे रखा जायेगा। डॉ. उज्ज्वल कुमार ने परीक्षा विभाग को जेएनयू में दिये जाने वाले अंकपत्र का फॉर्मेट भी दिया है।



शनिवार को स्नातक में नामांकन के लिए आरबीबीएम कॉलेज के काउंटर पर भीड़।

बीआरएबीयू के पीजी अंकपत्र पर अंक प्रतिशत नहीं रहने के कारण कई छात्रों को दूसरे विवि में दाखिला लेने में परेशानी होती थी। हाल में ही पीएचडी प्रवेश परीक्षा पास करने वाले तीन छात्रों का ललित नारायण मिथिला विवि ने दाखिला लेने से इनकार कर दिया था। इसके बाद परीक्षा विभाग द्वारा छात्रों के अंकपत्र को सत्यापित किया गया। उसके बाद उनका दाखिला लिया गया। शिक्षकों ने बताया कि राजभवन से जारी रेगुलेशन में भी दिया गया है कि सीजीपीए को 10 से गुणा कर उसका प्रतिशत निकाला जाना है।

### अब 18 तक ले सकेंगे स्नातक में दाखिला

मुजफ्फरपुर । बीआरएबीयू में 18 जुलाई तक स्नातक में दाखिला ले सकेंगे। डीएसडब्ल्यू ने कुलपति से आदेश के बाद नामांकन की तारीख बढ़ा दी है। पहले स्नातक में पहली मेरिट लिस्ट में दाखिला लेने की तारीख 12 जुलाई थी। 12 जुलाई तक 52 हजार छात्रों के नामांकन को कॉलेजों ने अपडेट किया था। डीएसडब्ल्यू ने बताया कि पहली मेरिट लिस्ट के बाद दूसरी मेरिट लिस्ट जारी की जायेगी। स्नातक की पहली मेरिट लिस्ट में 1 लाख 21 हजार 350 छात्रों का नाम जारी किया गया था। स्नातक में 1 लाख 59 हजार छात्रों ने आवेदन किया था।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 13.07.2025, PAGE-06

# सुरक्षा गार्ड व कर्मियों के लिए विश्वविद्यालय जारी करेगा टेंडर

- सुरक्षा गार्ड, हाउसकीपिंग और कर्मियों के लिए जारी होगा टेंडर
- विश्वविद्यालय में सेल एंड परचेज और वित समिति की हुई बैठक



जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में सुरक्षा गार्ड, कर्मियों व हाउसकीपिंग के लिए टेंडर जारी किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया शुरू की गई है। इसे पहले सेल एंड परचेज फिर वित्त समिति से मंजूरी दी गई। विश्वविद्यालय में कुलपति की अध्यक्षता में वित्त समिति की बैठक हुई। इसमें सुरक्षा गार्ड से लेकर दक्ष कंप्यूटर कर्मियों व हाउसकीपिंग की व्यवस्था की जानी है। सुरक्षा गार्ड की एजेंसी का कार्यकाल पिछले महीने समाप्त हो गया है। फिलहाल एक महीने का विस्तार विश्वविद्यालय से किया गया है। इस बीच नए सिरे से टेंडर की प्रक्रिया अपनाकर इस कार्य को पूरा किया जाएगा। कुल तीन टेंडर जारी होंगे। एजेंसियों को तीनों सेवाओं के लिए अलग-अलग टेंडर भरना होगा। 14 से 28 जुलाई तक टेंडर जमा होगा। अधिक जानकारी विश्वविद्यालय की साइट से ली जा सकेगी। बैठक में हार्ड कापी के साथ 29 जुलाई तक आवेदन दिया जा सकेगा। दीक्षा समारोह की तैयारियों को लेकर दोनों बैठकें हुई थीं। प्राक्टर प्रो.बीएस राय ने बताया सुरक्षा गार्ड, हाउसकीपिंग व मैन पावर के लिए टेंडर होना है।

### तीन वर्ष के लिए करीब 22 करोड़ होगा खर्च

विश्वविद्यालय की ओर से जारी टेंडर के अनुसार अगले तीन वर्ष इन सेवाओं पर करीब 22 करोड़ से अधिक की राशि खर्च की जाएगी। सेल एंड परचेज कमेटी में दूसरी ओर दीक्षा समारोह को लेकर विभिन्न स्टेशनरी के अतिरिक्त परीक्षा विभाग के लिए कुर्सी, टेबल, एसी समेत अन्य की खरीदारी होगी। वहीं सामान की खरीदारी सरकार के पोर्टल ईप्राकट से की जाएगी। रजिस्ट्रेशन विभाग के लिए प्रिंटर खरीदे जाएंगे। विश्वविद्यालय के अधिकारियों के लिए बिहार-झारखंड फाइनेंशियल रूल बुक्स की खरीदारी होगी। दीक्षा समारोह के लिए कंप्यूटर सेट के साथ आल इन वन सेट प्रिंटर की खरीदारी होगी। साथ ही पीजी विभागों के लिए विभिन्न सामान की खरीदारी होगी।

### एजेंसी के माध्य से रखे जाएंगे 35 दक्ष कंप्यूटर कर्मचारी

विश्वविद्यालय को फिलहाल 35 दक्ष कंप्यूटर कर्मियों की जरूरत है। कर्मियों की कमी से अधिकांश शाखाओं में कार्य प्रभावित होता है। एजेंसी से ऐसे कर्मियों की सेवा ली जाएगी। कंप्यूटर टाइपिस्ट की लिखित परीक्षा भी ली जाएगी। एजेंसी की ओर से भेजे गए कर्मियों को ड्राफ्टिंग समेत अन्य कार्यों में परेशानी होती है। इन्हें विभागों व कार्यालय में रखा जाएगा। हाउसकीपिंग के लिए सुपरवाइजर समेत कुल 68 पद होंगे। करीब 116 गार्ड की सेवाएं एजेंसी से ली जानी है।

# शिक्षकों के आवंटन से बचे आवास ही कर्मचारियों को मिलेंगे

मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में शिक्षकों को आवास आवंटन होने के बाद बचे क्वार्टर ही कर्मचारियों को आवंटित किए जाएंगे। दूसरी ओर पिछले कुछ महीने में आवास आवंटन के लिए आवेदन करने वाले सहायक प्राध्यापकों को आवास दिया जाएगा। रिटायरमेंट के छह महीने के भीतर शिक्षक को आवास खाली करना होगा। ऐसा नहीं करने पर उनसे जुर्माना वसूला जाएगा। शनिवार को प्राक्टर की अध्यक्षता में आवास आवंटन समिति की बैठक हुई। प्राक्टर प्रो.बीएस राय ने बताया शिक्षकों के आवेदन के आधार पर आवास आवंटन की प्रक्रिया पूरी की जानी है। आवास आवंटन समिति की बैठक के निर्णय को कुलपति की मंजूरी के बाद लागू किया जाना है। बताया कि रिटायरमेंट के छह महीने के भीतर आवास खाली करना अनिवार्य है। ऐसा नहीं करने से पेंशन से राशि की कटौती होगी।

**लेक्चरर क्वार्टर के लिए प्रति महीने छह हजार की कटौती पर विरोध :** विश्वविद्यालय के कई लेक्चरर क्वार्टर में कर्मचारी रहते हैं। इन आवासों को खाली कराने पर विश्वविद्यालय की ओर से कोई निर्णय नहीं लिया गया है। दूसरी ओर लेक्चरर क्वार्टर के लिए प्रति महीने छह महीने की कटौती किए जाने संबंधी निर्णय का विरोध हो रहा है। बताते हैं कि कर्मचारियों की ओर से इसका विरोध किया जा रहा है। वहीं, रीडर्स क्वार्टर के लिए प्रति महीने करीब 14 हजार की राशि की कटौती होनी है। इस पर भी सवाल खड़ा किया जा रहा है। शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने इस फैसले को लेकर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि राज्य सरकार की ओर से आवास आवंटन के नियम का यह उल्लंघन है। दूसरी ओर बुटा महासचिव सुनील कुमार सिंह ने कहा समिति में बुटा व बुस्टा के प्रतिनिधियों को जगह नहीं दी गई है। आवासों से कब्जा हटाया जाएगा। इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से क्वार्टर की संख्या, आवंटन समेत पूरी जानकारी एकत्र की गई है।